Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 22-08-2005

Participants : Kumar Shri Shailendra

>

Title : Need to provide central assistance to check the spread of encephalitis in the country.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ।

महोदय, उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के कई प्रान्तों में इंसेफेलाइटिस की बीमारी जबरदस्त तरीके से फैली हुई है। हम इस सदन में पहले भी इसकी चर्चा कर चुके हैं, लेकिन मैं इसको यहां इसलिए उठाना चाहता हूँ कि उत्तर प्रदेश में यह बीमारी पूर्वी उत्तर प्रदेश से फैलना शुरू हुई और पूर्वांचल में गोरखपुर में 170 मौतें अभी तक इससे हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश के कई जिलों - कानपुर, वाराणसी, गोरखपुर, फतेहपुर, बस्ती, लखीमपुर-खीरी आदि - में यह बीमारी फैलती ही जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार इसकी रोकथाम के लिए पूरा ध्यान दे रही है, चिकित्सकों की टीमें वहां भेजी जा रही हैं, लेकिन मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूँ, माननीय संसदीय कार्यमंत्री जी यहां बैठे हुए हैं, आप इसे बहुत ध्यान से सुन लें क्योंकि यह बीमारी लगातार फैलती ही जा रही है और इस पर नियण्त्रण नहीं हो पा रहा है। मेरी मांग है कि भारत सरकार इसके लिए आर्थिक मदद करे, दिल्ली से डाक्टरों, विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ की टीमें वहां भेजी, तभी यह महामारी रूक सकेगी अन्यथा यह महामारी फैलती ही जाएगी और लोगों की मौतें होती रहेंगी। मैं इन्हीं शब्दों के साथ अपनी बात समाप्त करता हूँ।